**तस्करी** — शराब का किया जा रहा था अवैध परिवहन, कुठला पुलिस ने जब्त की 540 लीटर शराब

# पुलिस देख भागे आरोपी, तीन लाख की शराब जब्त

**नवभारत, कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र से शराब का अवैध रूप से परिवहन करने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए काफी मात्रा में शराब जब्त की है। जब्त की गई शराब की कीमत करीब तीन लाख रूपए आंकी गई है। पुलिस ने एक बोलेरा वाहन को जब्त किया है, इसी वाहन में शराब रखी हुई थी। जब्त किए गए वाहन की कीमत करीब दस लाख रूपए आंकी गई है। पुलिस का कहना है कि शराब की अवैध तस्करी कर रहे बोलेरो में सवार बदमाशा पुलिस को देखकर अंधेरा को फायदा उठाकर भाग गए हैं। पुलिस ने टीम ने बोलेरो के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर उसके मालिक की जानकारी जुटा ली है। आरोपी बोलेरो वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी गई है, जल्दी आरोपी को पकड़ा जाएगा। जिसके बाद इस बात का खुलासा होगा कि शराब कहां से लाई गई थी और




अवैध तस्करी कर कहां भेजी जा रही थी। पूरे मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि 17 जून 2026 को कुठला पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग और गश्त की जा रही थी। गश्त के दौरान इन्द्रानगर पुल के पास एक सफेद रंग की बोलेरो पुलिस वाहन को देखकर संदिग्ध रूप से तेज गति से गली नंबर 9, सेन मोहल्ला की ओर मुड़ गई। पुलिस को संदेह होने पर वाहन का पीछा किया गया। पुलिस को देखकर आरोपी वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। पुलिस बोलेरो वाहन की तलाशी लेने पर वाहन के अन्दर रखे 60 कार्टून शराब मिली। जिसमें 55 कार्टून देशी लाल मशाला और पांच कार्टून देशी सफेद शराब पाई गई। प्रत्येक कार्टून में 50-50 पाव शराब भरी हुई थी। विधि अनुसार नमूने अलग कर शेष शराब को सीलबंद किया गया। बरामद शराब की कुल मात्रा 540 लीटर है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग तीन लाख रुपए है। साथ ही प्रयुक्त बोलेरो वाहन की कीमत लगभग 10 लाख रुपए आंकी गई। वाहन की जांच के दौरान पता चला है कि वाहन शुभम निषाद पिता राजाराम निषाद के नाम पर दर्ज है। मामले में बोलेरो चालक के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि 55 पेटी लाल मसाला शराब, 5 पेटी प्लेन देशी शराब जब्त कर ली गई है। 60 पेटी शराब की कीमत करीब तीन लाख रूपए है। वहीं जब्त की गई बोलेरो की कीमत करीब दस लाख रूपए है। पुलिस का कहना है कि वाहन और शराब मिलाकर कुल जब्त 13 लाख रूपए की आंकी गई है। कार्रवाई में कुठला थाना प्रभारी अखलेश दाहिया, एएसआई श्यामनारायण सिंह, प्रधान आरक्षक अजय यादव, आरक्षक शिशिर पाण्डेय, हर्षुल मिश्रा, विजय राणा और अन्य स्टॉफ की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य और नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में की गई है।



# विद्यार्थियों के जीवन में सृजन के नए सत्र का शुभारंभ

**ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन समारोह आयोजित**

**नवभारत, कटनी।** शिक्षा के साथ क्षमता विकास के विजन को धरातल पर उतारते हुए नगर निगम द्वारा आयोजित 11 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रतिभा शिविर-2026 का प्रतिभा सम्मान और समापन समारोह मंगलवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के मुख्य आतिथ्य और निगम जनप्रतिनिधियों सहित निगमायुक्त तपस्या परिहार की विशेष मौजूदगी में स्वामी विवेकानंद सभागार बस स्टैंड में उल्लासपूर्ण माहौल के बीच आयोजित किया गया। नगर निगम के तीनों स्कूलों में 5 से 15 जून तक चले इस सृजनात्मक महायज्ञ में 299 विद्यार्थियों ने खेल, कला, संस्कृति और जीवन-कौशल के विविध आयामों को आत्मसात कर अवकाश को आत्मविश्वास में बदलने का जीवंत प्रमाण प्रस्तुत किया। ग्रीष्मकालीन प्रतिभा शिविर समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ, जो इस बात का प्रतीक था कि हर सृजन की शुरुआत ज्ञान के प्रकाश से होती है। कार्यक्रम में शिविर की 11 दिवसीय यात्रा पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसमें प्रशिक्षण सत्रों से लेकर बच्चों की मुस्कानों तक का सफर सजीव हो उठा। सभागार में विद्यार्थियों द्वारा तैयार विभिन्न तरह के व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए गए। अतिथियों ने तरह तरह की रेसिपी चख कर मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि यह शिविर नहीं, बच्चों की कल्पना का उत्सव है। समापन समारोह का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों की रंगारंग मंचीय प्रस्तुति रहीं। स्केटिंग करते बच्चों की फुर्ती, आत्मरक्षा के दांव सीख चुकीं बालिकाओं का आत्मविश्वास, तबला-हारमोनियम, की जुगलबंदी, सुरीले गायन, वेस्टर्न डांस की ऊर्जा और कथक की भाव-भंगिमाओं ने पूरे सभागार को तालियों से गुंजायमान कर दिया। यह सिद्ध हो गया कि 11 दिवस का प्रशिक्षण यदि समर्पित हो, तो मंच पर प्रतिभा स्वयं बोलती है। प्रत्येक प्रस्तुति के पीछे 20 अनुभवी मास्टर ट्रेनर्स का परिश्रम और निगमायुक्त तपस्या परिहार के नेतृत्व में टीम का नियोजन स्पष्ट दिखाई दिया। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि ग्रीष्मकालीन शिविरों की 11 दिनों की यह यादगार यात्रा यहीं समाप्त नहीं हुई, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन में सृजन के नए सत्र का शुभारंभ हुआ है। ये शिविर डिग्रियां नहीं बांटते, दिशा देते हैं। यहां बच्चे अंक नहीं, आत्मविश्वास कमाते हैं। उन्होंने छात्रों और प्रशिक्षकों को इस भव्य आयोजन में सहयोग प्रदान करने हेतु बधाई देते हुए कहा कि यही भावी भविष्य के राष्ट्रनिर्माता है। महापौर ने छात्रों को शिविर के माध्यम से सीखी कला की प्रैक्टिस करने, स्कूल एवं घर में साफ सफाई बनाए रखने, पानी की बचत करने की सीख देते हुए स्कूलों की सुविधाओं में विस्तार किए जाने की भी बात कही। शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही तीनों केंद्रों के 20 मास्टर ट्रेनर्स को मंच पर आमंत्रित कर उनके योगदान के लिए कृतज्ञता व्यक्त की जाकर मोमेंटम प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तैयार वार्षिक एकेडमिक कैलेंडर का विमोचन भी किया गया, जिसमें पूरे वर्ष की गतिविधियों एवं सीख को संकलित किया गया है - यह नवाचार बच्चों में योजना और निरंतरता का बीजारोपण करेगा। प्रतिभागियों ने मंच से अनुभव साझा करते हुए कहा कि शिविर ने हमें दोस्त दिए, हुनर दिया और सबसे बड़ी बात - खुद पर विश्वास दिया। नगर निगम कटनी का यह नवाचार नई शिक्षा नीति के उस मूल मंत्र को साकार करता है। कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, उमेन्द्र अहिरवार, पार्षद श्रीमती वंदना राजकिशोर यादव, सीमा श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी, रेखा संजय तिवारी, सुखदेव चौधरी सहित अन्य की मौजूदगी रही।

## एक नजर में

### वन अधिकार दावों के पुनः परीक्षण के लिए जिले में 1 जुलाई से 31 अक्टूबर तक चलेगा विशेष अभियान

**कटनी।** वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत लंबित एवं निरस्त दावों के पुनः परीक्षण के लिए 1 जुलाई से 31 अक्टूबर तक प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिले में इस अभियान के संचालन के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इस अभियान में व्यक्तिगत वन अधिकार और सामुदायिक वन अधिकार से जुड़े दावों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही नए दावों को भी अभियान के दौरान स्वीकार कर उनका परीक्षण किया जाएगा। पूर्व में 31 दिसंबर 2025 तक दावों के परीक्षण का कार्य किया गया था, जिसमें लगभग 87,233 दावों में से 20,994 दावों का निराकरण किया गया था। शेष 66,239 दावों के निराकरण के लिए अब यह विशेष पुनः परीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। राज्य सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि वन अधिकार के निरस्त व्यक्तिगत एवं सामुदायिक के पुनः परीक्षण एवं नवीन प्राप्त व्यक्तिगत एवं सामुदायिक दावों का नियमानुसार शत-प्रतिशत निष्ठुराकरण MPFRA Portal के माध्यम से तथा सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन के दावों का शत-प्रतिशत निराकरण ऑफ लाईन किया जाएगा।

# शिविर में हितग्राहियों को दिया गया योजनाओं का लाभ

**नगर निगम द्वारा आयोजित किया गया जनकल्याण शिविर**

**नवभारत, कटनी।** केन्द्र और राज्य शासन के माध्यम से संचालित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा निगम कार्यालय परिसर में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का द्वितीय दिवस मंगलवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ शिविर के प्रथम और द्वितीय दिवस में विभिन्न विभागों द्वारा आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की



जानकारी प्रदान करते हुए हितग्राही मूलक योजनाओं के आवेदन प्राप्त किए गए। जनकल्याण शिविरों में नागरिकों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, जन्म, मृत्यु और विवाह पंजीयन, ट्रेड लाइसेंस, सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजनाएं, समग्र ई-केवाईसी, खाद्यान्न पात्रता पर्ची, श्रमिक पंजीयन सहित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं,अविवादित संपत्तियों के नामांतरण एवं हस्तांतरण, नो-ड्यूज प्रमाण पत्र जारी करने, नवीन नल एवं सीवर कनेक्शन, हैंडपंप एवं ट्यूबवेल सुधार, भवन अनुज्ञा, भवन पूर्णता प्रमाण पत्र, आवासीय भवन निर्माण स्वीकृति, विकास अनुज्ञा अवधि की जानकारी दी गई।

## 12 हजार से अधिक आवेदनों का निराकरण

**नवभारत, कटनी।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में 12 जून से 18 जून तक जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार आयोजित इन शिविरों में पात्र और वंचित हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले में आयोजित इन शिविरों के माध्यम से अब तक कुल 13,240 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने 12,156 आवेदनों का निराकरण कर लिया है।

# हिंदू समाज के हित में सक्रिय रूप से कार्य करने का लिया गया संकल्प

**बजरंग दल प्रखंड की बैठक का किया गया आयोजन**

**नवभारत, उमरियापान।** जिले के उमरियापान में बजरंग दल प्रखंड की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विजय महामंत्र ओंकार ध्वनि के साथ हुई।

बैठक का आयोजन विश्व हिंदू परिषद के जिला महामंत्री दीपक मिश्रा ओर जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों के अंतर्गत त्रिशूल दीक्षा और बाबा बुढ़ा



अमरनाथ यात्रा की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी गई। इस अवसर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न दायित्वों की घोषणा की गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों में प्रखंड उपाध्यक्ष तरुण चौरसिया, प्रखंड संयोजक गजराज सिंह ठाकुर, गौ रक्षक प्रमुख मनोज मिश्रा, सहसंयोजक विकास बर्मन, सहमंत्री धर्मेन्द्र बर्मन, सुरक्षा प्रमुख पार्थ चौबे, विद्यार्थी प्रमुख मृदुल चौबे और धर्म प्रचार-प्रसार प्रमुख राकेश पाठक को दायित्व सौंपे गए।

बैठक में ऋषभ ब्यौहार, पंकज तिवारी, अंकित बर्मन, दिलीप सागर, हर्षित गुप्ता सहित काफी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। नवनियुक्त पदाधिकारियों का कार्यकर्ताओं ने स्वागत करते हुए संगठन के विस्तार और हिंदू समाज के हित में सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# बिना परमिट के चल रही दो बस और एक ट्रक जब्त

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने की कार्रवाई**

**नवभारत,कटनी।** जिले में परिवहन विभाग ने अवैध रूप से संचालित वाहनों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल के नेतृत्व में चलाए गए विशेष जांच अभियान के दौरान एक मालवाहक ट्रक और दो यात्री बसों को जब्त किया गया। जांच अभियान के तहत जिले के विभिन्न मार्गों और चेकिंग प्वाइंट्स पर यात्री और मालवाहक वाहनों के दस्तावेजों की सघन जांच की गई। इस दौरान ट्रक को बिना वैध परमिट और फिटनेस प्रमाण-पत्र के संचालित पाया गया। साथ ही इस वाहन का रोड टैक्स भी वर्ष 2025 से जमा नहीं था। इन गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए ट्रक को जब्त कर बरही थाना में सुरक्षित रखा गया। कटनी बायपास मार्ग पर कटनी से बरही जा रही यात्री बस की जांच में भी नियमों का बड़ा उल्लंघन सामने आया। यह बस बिना वैध परमिट के संचालित हो रही थी और जांच के समय चालक व संचालक आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। वाहन स्वामी ने बाद में ऑनलाइन परमिट जारी कराया, लेकिन जांच के समय परमिट का न होना नियमों का स्पष्ट उल्लंघन माना गया। बस को जब्त कर कुठला थाना में सुरक्षित रखा गया और वाहन स्वामी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसी तरह कटनी-जबलपुर मार्ग पर संचालित बस को भी बिना वैध परमिट के यात्रियों का परिवहन करती मिली। नियमों के इस उल्लंघन पर बस को तत्काल जब्त कर यातायात थाना में सुरक्षित रखा गया। परिवहन विभाग के अधिकारी ने कहा है कि बिना आवश्यक दस्तावेजों के वाहन संचालन पर कार्रवाई जारी रहेगी।

# गुटखा फैक्ट्री से पांच मोबाइल लेकर जबलपुर भाग गए थे नाबालिग

**पुलिस ने बरामद किये चोरी के पांच मोबाइल**

**नवभारत, कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत क्षेत्र से मोबाइल चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों ही आरोपी नाबालिग है। आरोपियों से पुलिस ने पांच मोबाइल बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि उत्तरप्रदेश के बांदा जिले के पहलानी थाना क्षेत्र के सौरपुर गांव निवासी प्रार्थी हिमांशु पिता मनोज प्रजापति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह लमतरा स्थित गुटखा फैक्ट्री में




कार्यरत हैं। 16 जून 2026 की रात भोजन करने के बाद सभी सो गए थे। सुबह करीब 5 बजे जागने पर देखा कि उनके 5 मोबाइल फोन जिनकी कीमत करीब 75 रूपए थी वह चोरी हो गए हैं। साथ में काम करने वाले मौके से अनुपस्थित मिले। तलाश करने पर उनका पता नहीं चला। प्रार्थी ने लापता हुए दो युवकों पर चोरी का संदेह व्यक्ति किया था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकरण की विवेचना शुरू की। पुलिस टीम को गठन कर आरोपियों की तलाश शुरू कर गई। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर चोरी हुए 5 नग मोबाइलों को दो नाबालिग बालकों से जबलपुर से बरामद कर लिया गया है।

कार्रवाई में कुठला थाना प्रभारी अखलेश दाहिया, उप निरीक्षक विनोद सिंह, प्रधान आरक्षक महेन्द्र सिंह, अजीत मिश्रा, आरक्षक मनोज सिंह और पुलिस थाना के अन्य स्टाफ की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में की गई है।

# फर्जी जियो टैगिंग से कागजों में पूरा कर दिया अधूरा पीएम आवास

**रीठी जनपद के ग्राम पंचायत हरद्वारा का मामला**

**नवभारत, रीठी।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराना है, लेकिन जनपद पंचायत रीठी अंतर्गत ग्राम पंचायत हरद्वारा में इस योजना के क्रियान्वयन को लेकर भ्रष्टाचार किए जाने का आरोप लग रहा है। आरोपों के अनुसार ग्राम पंचायत हरद्वारा निवासी गेसा बाई पति फूल लोधी को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत



किया गया था, जो ग्राम पंचायत कार्यालय के सामने स्थित है। आरोप है कि ये आवास का निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हुआ है, बावजूद इसके शासकीय रिकॉर्ड में उसे पूरा दर्शा दिया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 9 मई 2023 को ग्राम पंचायत के तत्कालीन सचिव द्वारा कथित रूप से रिश्वत लेकर किसी अन्य व्यक्ति के मकान की तस्वीरों का उपयोग कर फर्जी जियो-टैगिंग की गई और उसी आधार पर गेसा बाई के आवास को शासकीय पोर्टल पर पूर्ण दर्ज कर दिया गया। संबंधित आवास का मौके पर निरीक्षण किया जाए तो वास्तविक स्थिति तत्काल सामने आ जाएगी। जिस मकान को सरकारी रिकॉर्ड में पूर्ण बताया गया है, वह अभी भी अधूरा है और हितग्राही को योजना का पूरा लाभ नहीं मिला है। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि आवास की वास्तविक स्थिति और सरकारी दस्तावेजों में दर्ज जानकारी के बीच भारी अंतर दिखाई देता है। इससे यह आशंका और गहरा जाती है कि कहीं न कहीं रिकॉर्ड में जानबूझकर गलत जानकारी दर्ज की गई है। सवाल उठ रहे हैं कि आवास अधूरा था तो उसे पूर्ण दर्शाने के पीछे क्या उद्देश्य था, क्या योजना की राशि निकालने या रिकॉर्ड को बेहतर दिखाने के लिए यह कार्रवाई की गई। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

**विकास** — झिंझरी स्थित बस स्टैंड में जल्द पूरे होंगे बस शेड, कैनोपी, फ्रंट एलिवेशन, लिफ्ट, कंट्रोल रूम, लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

# शहर में चलाई जाएंगी इलेक्ट्रिक बसें, 15 स्थानों में बनेंगे चार्जिंग स्टेशन, मिली मंजूरी

**नवभारत, कटनी।** शहर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुविधाजनक और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दीनदयाल सिटी बस सर्विसेस लिमिटेड की 20वीं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स बैठक कंपनी के अध्यक्ष और कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन, चार्जिंग अधोसंरचना के विस्तार, आधुनिक बस स्टैंड विकास, यात्री सुविधाओं को बढ़ाने से जुड़े कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में नगर निगम क्षेत्र के पांच प्रमुख स्थलों प्रियदर्शिनी बस स्टैंड, झिंझरी बस स्टैंड, माधवनगर मित्तल कार्यालय के



समीप, कलेक्ट्रेट के सामने और माधवनगर उपकार्यालय परिसर में चार्जिंग स्टेशन, कैफेटेरिया और पे-एंड-यूज शौचालयों के निर्माण और संचालन के लिए प्राप्त निविदा को स्वीकृति की गई। कलेक्टर ने इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में कंपनी की डायरेक्टर और महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, प्रबंध संचालक नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पाल सहित कंपनी के अन्य संचालक और अधिकारी उपस्थित रहे। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने के लिए डीयूटीएफ फंड से कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान तैयार कराने की अनुशंसा की गई। यह योजना शहर के यातायात प्रबंधन और परिवहन सुविधाओं के विस्तार की दिशा तय करेगी। संचालक मंडल ने झिंझरी स्थित क्षेत्रीय बस स्टैंड में बस शेड, कैनोपी, फ्रंट एलिवेशन, लिफ्ट, ट्रस स्ट्रक्चर, कंट्रोल रूम, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, मीटिंग हॉल और कार्यालय निर्माण सहित विभिन्न अधोसंरचनात्मक कार्यों को जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। साथ ही इलेक्ट्रिक बसों के चार्जिंग स्टेशन और बस पिट शेड के लिए अतिरिक्त भूमि उपलब्ध कराने की अनुशंसा भी की गई। बैठक में प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना के अंतर्गत कटनी शहर में 15 नए इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। कलेक्ट्रेट, तिलक कॉलेज, गर्ल्स कॉलेज, मुड़वारा रेलवे स्टेशन, माधवनगर उपकार्यालय सहित विभिन्न शासकीय परिसरों में चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। समीक्षा के दौरान बताया गया कि चार इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए योलो बस प्राइवेट लिमिटेड से अनुबंध किया गया है। कलेक्टर ने कटनी-रीवा मार्ग पर दो तथा कटनी-जबलपुर मार्ग पर दो इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए आवश्यक प्रक्रियाएं जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। संचालक मंडल ने योलो बस कंपनी को एक सप्ताह के भीतर प्रोटोटाइप निरीक्षण और 6 सप्ताह के भीतर चार्जिंग अधोसंरचना सहित सभी आवश्यक तैयारियां पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि निर्धारित समय में बस संचालन शुरू किया जा सके।

# खेत में हाथ भट्टी शराब बनाने पर आरोपी गिरफ्तार

**ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के कचनारी में की गई कार्रवाई**

**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले के ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र कचनारी से पुलिस ने एक युवक को खेत में शराब बनाकर बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त मिली थी कि कचनारी गांव निवासी एक व्यक्ति अपने खेत में हाथ भट्टी से महुआ शराब बनाकर विक्रय कर रहा है। जिसके बाद पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। पुलिस टीम ने कचनारी गांव से पूरन सिंह को शराब सहित पकड़ा है। आरोपी से पुलिस ने 15 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। आरोपी को पकड़ने और कार्रवाई



में ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी महिमा रंघुवंशी, सहायक उप निरीक्षक विजेन्द्र तिवारी, प्रधान आरक्षक मनोज सिंह, आरक्षक गंधर्व की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य ओर स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में की गई है। पुलिस का कहना है कि शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस का कार्रवाई अभियान लगातार जारी रहेगा। क्षेत्र में अवैध कारोबार पर पूरी तरह रोक लगाई जाएगी।